# अधिगम वार्षिक योजना

नमस्कार शिक्षकगण! नीचे दी गई तालिका सीखने की उस यात्रा को सारांशित करती है, जिसे आप इस वर्ष अपने विद्यार्थियों के साथ पूरा करेंगे।

**Bridge Course** — महत्वपूर्ण पूर्व-अपेक्षित कौशलों का दोहराव करवाने और पुन: तैयार करने में आपकी सहायता करता है।

↓

**सत्र-1** — सत्र-1 में 16-16 दिनों की 4 इकाइयाँ हैं।

| | |
|---|---|
| इकाई-1 | प्यारी पाठशाला |
| इकाई-2 | मेरा परिचय |
| इकाई-3 | मैं और मेरा शरीर |
| इकाई-4 | मेरा घर और परिवार |

↓

**MOY** — अर्ध-वार्षिक मूल्यांकन

**सत्र-2 की इकाइयाँ MOY समाप्त होने के बाद टैब पर दिखाई देंगी।**

↓

**सत्र-2** — सत्र-2 में 16-16 दिनों की 3 इकाइयाँ हैं।

| | |
|---|---|
| इकाई-5 | हमारे आस-पास |
| इकाई-6 | पशु हमारे मित्र |
| इकाई-7 | मेरी सेहत के साथी |

↓

**EOY** — वार्षिक मूल्यांकन

# विस्तृत वार्षिक पाठ्यक्रम

नीचे दिया गया रोडमैप प्रत्येक अवधि में शामिल इकाइयों को सूचीबद्ध करता है।

## सत्र-1

| | इकाई 1 | इकाई 2 | इकाई 3 | इकाई 4 |
|---|---|---|---|---|
| |  |  |  |  |
| | **प्यारी पाठशाला** | **मेरा परिचय** | **मैं और मेरा शरीर** | **मेरा घर और परिवार** |
|  श्रवण और वाचन | कविता को सुनकर बोलना।<br>चित्र को देखकर उसे स्वयं के जीवन के साथ जोड़ना।<br>चित्रकथा में आए परिचित शब्दों को सुनकर समझना। | स्वयं का परिचय बोलकर देना।<br>प्रश्नों के उत्तर बोलकर देना।<br>रंगों के हिंदी नाम सुनकर और बोलकर समझना। | चित्र देखकर शरीर के अंगों के परिचित नाम बोलकर बताना।<br>शरीर के अंगों के नाम सुनकर बोलना। | अपने घर के बारे में बोलकर बताना।<br>परिवार के सदस्यों के नाम बताना।<br>कविता को सुनकर बोलना। |
|  पठन | चित्र-चर्चा—<br>पाठशाला का पहला दिन | चित्र-चर्चा— मेरी पसंद | चित्र-चर्चा—<br>मेरे शरीर के काम | चित्र-चर्चा— मेरा परिवार |
|  शब्द-संसार | पाठशाला और कक्षा से जुड़ी वस्तुओं के नाम। | रंगों के नाम। | आकृतियों के नाम (गोला, वर्ग)<br>शरीर के अंगों के नाम। | आकृतियों के नाम (त्रिभुज, आयत)<br>घर के अलग-अलग भागों के नाम।<br>पारिवारिक संबंधों के नाम। |
|  उच्चारण | स्वर-गीत | 'अ' और 'आ' स्वर | 'इ' और 'ई' स्वर | 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' स्वर |
|  लिखित अभिव्यक्ति | मिट्टी में उँगली की मदद से अलग-अलग आकार बनाना।<br>उँगली और अँगूठे की छाप से चित्र बनाना। | क्रेयॉनस की मदद से 'अ' और 'आ' वर्णों को सही चित्र से मिलाना<br>उँगली की छाप से 'अ' और 'आ' वर्ण बनाना। | क्रेयॉनस की मदद से 'इ' और 'ई' को सही चित्र से मिलाना।<br>उँगली की छाप से 'इ' और 'ई' वर्ण बनाना। | मिट्टी में उँगली की मदद से सीधी रेखा, खड़ी रेखा का अभ्यास करना।<br>क्रेयॉनस की मदद से 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' को सही चित्र से मिलाना।<br>उँगली की छाप से 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' वर्ण बनाना। |

# सत्र-2

| इकाई 5 | इकाई 6 | इकाई 7 |
| --- | --- | --- |
|  |  |  |
| **हमारे आस-पास** | **पशु हमारे मित्र** | **मेरी सेहत के साथी** |
| आस-पास की जगहों के नाम बोलकर बताना।<br>चित्रकथा के शब्दों को सुनकर समझना। | चित्र में दिखाए गए परिचित पशुओं के नाम बोलकर बताना।<br>चित्रकथा से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देना। | चित्रों को देखकर फलों के नाम बोलकर बताना।<br>चित्रों को देखकर सब्ज़ियों के नाम बोलकर बताना।<br>अपनी पसंद और नापसंद बताना। |
| चित्र-चर्चा—<br>मेरे घर के आस-पास | चित्र-चर्चा—<br>अमन के मित्र | चित्र-चर्चा—<br>मेरी सेहत के साथी |
| आस-पास की जगहों के नाम वाले शब्द— घर, उपवन, बाज़ार, अस्पताल, पाठशाला, डाकघर, सड़क। | पशुओं के नाम वाले शब्द। | फलों के नाम वाले शब्द।<br>सब्ज़ियों के नाम वाले शब्द। |
| 'ए' और 'ऐ' स्वर। | 'ओ' और 'औ' स्वर। | 'अं' और 'अ:' स्वर।<br>'अ' से 'अ:' तक सभी स्वरों का दोहराव। |
| मिट्टी में उँगली की मदद से रेखाओं का अभ्यास करना।<br>क्रेयॉनस की मदद से 'ए' और 'ऐ' को सही चित्र से मिलाना।<br>उँगली की छाप से 'ए' और 'ऐ' वर्ण बनाना। | मिट्टी में उँगली की मदद से रेखाओं का अभ्यास करना।<br>क्रेयॉनस की मदद से 'ओ' और 'औ' को सही चित्र से मिलाना।<br>उँगली की छाप से 'ओ' और 'औ' वर्ण बनाना। | मिट्टी में उँगली की मदद से रेखाओं का अभ्यास करना।<br>क्रेयॉनस की मदद से 'अं' और 'अ:' को सही चित्र से मिलाना।<br>उँगली की छाप से 'अं' और 'अ:' वर्ण बनाना। |









# ‘लीड’ शिक्षण दृष्टिकोण

नीचे दी गई तालिकाओं में ‘लीड’ की उस विधि का विवरण दिया गया है जिसका आप अपने विद्यार्थियों के साथ पालन करेंगे।

## ‘लीड’ पाठ्यक्रम की रूपरेखा पाँच अद्वितीय सिद्धांतों से प्रेरित है–

**पूर्वज्ञान से जुड़ाव**
**(Connected to Previous Learning)**
आप अपने पूर्वज्ञान से जुड़ते हुए नए ज्ञान को प्राप्त करेंगे।




**संदर्भगत शिक्षण**
**(Contextual)**
आप नए विषयों को चित्रों और गतिविधियों की सहायता से सरलता से सीख पाएँगे।

**जीवन से जुड़ाव**
**(Connected to Life)**
आप प्राप्त किए गए ज्ञान का जीवन से जुड़ाव समझने में सक्षम होंगे।

**संकेंद्रित शिक्षण**
**(Concentric)**
प्रत्येक शिक्षण-योजना आपके भाषा-कौशल का विकास करते हुए आपको आत्मनिर्भर बनाएगी।

**समावेशी शिक्षण**
**(Caters to All Learners)**
आपके पास सीखने के लिए ऑडियो, वीडियो, परियोजना-कार्य आदि अनेक स्रोत उपलब्ध होंगे।

## 2. विद्यार्थी संकेंद्रित सिद्धांत



यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों की आयु और उनके सीखने के तरीके को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। साथ-ही यह सुनिश्चित किया गया है कि उन्हें खेल खेलते हुए, कहानी सुनते हुए और विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ करते हुए रुचिकर तरीके से सीखने के अवसर प्राप्त हो।

# महत्वपूर्ण आइकॉन

## पुस्तक की विशेषताएँ और आइकॉन




### 1. इकाई का कवर पेज

'सीखने के प्रतिफल' से संबंधित जानकारी दी गई है।

स्कैन कीजिए

कहानी/कविता को देखने के लिए

### 2. क्यूआर कोड

स्टूडेंट ऐप पर जाकर क्यूआर कोड को स्कैन करके विषय से संबंधित वीडियो देखिए।

### 3. अवयव

संकेत-चिह्नों की मदद से अवयव को पहचाना जा सकता है।



श्रवण और वाचन



उच्चारण




शब्द-संसार



पठन




लिखित अभिव्यक्ति

## पाठ्यक्रम के प्रमुख अवयव

विद्यार्थियों में भाषा के सभी कौशलों को विकसित करने में 'लीड' द्वारा निर्मित 'संपूर्ण हिंदी' पाठ्यक्रम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसमें रचनात्मक, रुचिकर और ज्ञानवर्धक विषय-वस्तुओं को सम्मिलित किया गया है। इसके प्रमुख अवयव इस प्रकार हैं—

**श्रवण और वाचन**



इस अवयव के अंतर्गत विद्यार्थी की मौखिक अभिव्यक्ति का विकास और सुनकर समझने के कौशल का विकास किया जाएगा।

**उच्चारण**



इस अवयव के अंतर्गत वर्णों और मात्राओं के शुद्ध उच्चारण का अभ्यास करवाया जाएगा।

**शब्द-संसार**



इस अवयव के अंतर्गत विद्यार्थियों में नए शब्दों को जानकर भाषा में उनका सही प्रयोग करने के कौशल का विकास किया जाएगा।

**पठन**



इस अवयव के अंतर्गत विद्यार्थियों में पढ़ने के कौशल का विकास किया जाएगा।

**लिखित अभिव्यक्ति**



इस अवयव के अंतर्गत विद्यार्थियों की लिखित अभिव्यक्ति को विकसित किया जाएगा।

# वार्षिक मूल्यांकन-योजना

मूल्यांकन का उद्देश्य यह जाँचना है कि क्या सभी विद्यार्थियों में विषय की समझ विकसित हो चुकी है और क्या वे उस समझ का प्रयोग अपने जीवन में कर सकते हैं? मूल्यांकन के विवरण के आधार पर, आगे बढ़ने से पहले 'लीड' के उपचारात्मक सुझावों का उपयोग करके प्रगति करना बहुत महत्वपूर्ण है।

'लीड' निम्नलिखित मूल्यांकन निर्धारित करता है–

**सत्र-1**

- इकाई-1
- इकाई-2
- इकाई-3
- इकाई-4

प्रत्येक इकाई में 1 मौखिक और लिखित मूल्यांकन है।

प्रश्न-पत्र का कुल निर्धारित अंक - 15

लिखित मूल्यांकन - 5 अंक

मौखिक मूल्यांकन - 10 अंक

↓

**MOY**

अर्धवार्षिक मूल्यांकन

1 लिखित मूल्यांकन अधिकतम अंक - 20 (10 मौखिक, 10 लिखित)

**सत्र-2 की इकाइयाँ MOY समाप्त होने के बाद टैब पर दिखाई देंगी।**

↓

**सत्र-2**

- इकाई-5
- इकाई-6
- इकाई-7

प्रत्येक इकाई में 1 मौखिक और लिखित मूल्यांकन है।

प्रश्न-पत्र का कुल निर्धारित अंक - 15

लिखित मूल्यांकन - 5 अंक

मौखिक मूल्यांकन - 10 अंक

↓

**EOY**

वार्षिक मूल्यांकन

1 लिखित मूल्यांकन अधिकतम अंक - 20 (10 मौखिक, 10 लिखित)